वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 304 | शनिवार 2 मार्च 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## 'मनी लॉन्ड्रिंग प्रिवेंशन लॉ एंड प्रैक्टिस' बुक की लॉन्चिंग




**जयपुर. कासं**

अभिजीत शर्मा द्वारा लिखित 'मनी लॉन्ड्रिंग प्रिवेंशन लॉ एंड प्रैक्टिस बुक' की लॉन्चिंग रिटायर्ड सुप्रीम कोर्ट जस्टिस अजय रस्तोगी की मौजूदगी में जयपुर के नेहरू भवन में आयोजित कार्यक्रम में हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के चीफ एडिटर सुरेंद्र मलिक, जस्टिस एम एन भंडारी, जस्टिस समीर जैन, राजस्थान हाईकोर्ट से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया राजदीप रस्तोगी कार्यक्रम में मौजूद रहे। अभिजीत शर्मा ने बताया कि आज के दौर में ईडी काफी चर्चाओं में है। ऐसे में कानूनी रूप क्या है, कानून क्या कहता है। इस पुस्तक के माध्यम से बताना की कोशिश की गई है। इस पुस्तक का आज विमोचन हुआ है। संवैधानिक संस्थाओं के नियम, गाइडलाइंस क्या है, उनके बारे में भी इस पुस्तक में उल्लेख किया गया है। राजस्थान हाईकोर्ट से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया राजदीप रस्तोगी ने इस मौके पर कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग का कॉन्सेप्ट यह है कि अपराध से कमाई हुई इनकम को इकोनॉमी की मुख्य धारा में जोड़ने से रोकना है।

# ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत मिलेंगी कई सुविधाएं

### राजस्थान में पहली बार बड़ा निवेश करेंगे खाड़ी देशों के उद्यमी, हॉस्पिटैलिटी और हेल्थ सेक्टर पर फोकस

**जयपुर. कासं**

खाड़ी देशों के उद्यमी पहली बार राजस्थान में बड़े पैमाने पर निवेश करेंगे। सऊदी अरब, बहरीन व यूएई के एक दर्जन से ज्यादा उद्यमियों ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। शुक्रवार को इनसे उद्योग विभाग के प्रमुख सचिव अजिताभ शर्मा से वार्ता की। उन्होंने बताया कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। निवेशकों की आसानी के लिए पेट्रो जोन, मेडटेक पार्क व फिनटेक पार्क बनाए हैं। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत कई सुविधाएं दी जा रही हैं। उद्यमियों ने हॉस्पिटैलिटी व हेल्थ सेक्टर में निवेश करने में विशेष रुचि दिखाई है। सऊदी अरब की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनी तावनिया के सीईओ फहद बिन मुअम्मर ने इस पर खुशी व्यक्त की कि राज्य सरकार ने निवेश से जुड़े सभी काम एक ही अधिकारी को सौंप रखे हैं। गौरतलब है कि अजिताभ शर्मा के पास उद्योग विभाग के अलावा ब्यूरो ऑफ इंवेस्टमेंट प्रमोशन, निवेश व एनआरआई, एमएसएमई, राज्य उद्यम व दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर का जिम्मा भी है। पूर्व में इनका काम देखने के लिए 3 से 4 अधिकारी तैनात रहे हैं। वार्ता के दौरान जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के अमित अग्रवाल भी मौजूद रहे। उद्यमियों ने जेईसीआरसी का भ्रमण भी किया। इस दौरान पाठ्यक्रमों की जानकारी लेने के अलावा शिक्षा के क्षेत्र में निवेश पर चर्चा हुई।



### इन बड़ी कंपनियों को रास आया राजस्थान

राजस्थान में निवेश करने में रुचि दिखाने वालों में सऊदी अरब की कंपनी तावनिया, इन्ट्रस्ट कैपिटल, अब्दुल रहमान अलमूसा होल्डिंग, भुगशान ग्रुप, ब्लू गोल्ड, दुबई की कंपनी ऑक्सब्रिज कैपिटल और बहरीन की कंपनी सायाकोर्प कैपिटल शामिल हैं। इनके एक दर्जन से ज्यादा वरिष्ठ पदाधिकारी प्रमुख सचिव के साथ बैठक में शामिल हुए। और सरकार की से दी जाने वाली सुविधाओं को समझा। इन्होंने प्रदेश में निवेश करने के माहौल की सराहना की।

### निवेश करने की रुचि दिखाई

खाड़ी देशों से आए उद्यमियों से अच्छी चर्चा हुई। उन्होंने प्रदेश में कई सेक्टर्स में निवेश करने की रुचि दिखाई है।

**-अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव**

# जयपुर मेट्रो की सीएम ने ली अहम बैठक

### सीतापुरा से अंबाबाड़ी, विद्याधर नगर तक नई डीपीआर बनेगी, मानसरोवर से 200 फीट बाईपास अजमेर रोड चौराहे तक शिलान्यास भी जल्द

**जयपुर. कासं**



सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि जयपुरवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध करवाना राज्य सरकार की प्राथमिकता पर है। इसे देखते हुए जयपुर मेट्रो को देश भर में मॉडल मेट्रो के रूप में विकसित किया जाए। इस प्रोजेक्ट में खर्चे व लागत का समुचित आकलन किया जाएं ताकि वित्तीय संसाधनों का सदुपयोग होने के साथ ही आमजन के लिए भी बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध करवाई जा सके। सीएम शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जयपुर मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने मेट्रो के नए फेज सीतापुरा से अंबाबाड़ी एवं विद्याधर नगर तक विस्तार की डीपीआर नए सिरे से बनाने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि 100 दिवसीय कार्ययोजना में शामिल जयपुर मेट्रो के फेज 1-डी (मानसरोवर से 200 फीट बाईपास पर अजमेर रोड चौराहे तक) का शिलान्यास भी जल्द किया जाए। जयपुर मेट्रो की कनेक्टिविटी में शहर के भीड़ वाले प्रमुख स्थलों को सम्मिलित किया जाए। साथ ही भविष्य में इसके विस्तार की संभावनाओं का भी ध्यान रखा जाए। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव (वित्त) अखिल अरोड़ा सहित जेएमआरसी के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

# श्री सन्मति महिला मंडल के चुनाव संपन्न



## अध्यक्ष नीतू मुशरफ, मंत्री शिल्पा पहाड़िया मनोनित

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री सन्मति महिला मंडल दिगंबर जैन मंदिर सेठी कॉलोनी के चुनाव श्रीमती विमला सोगानी के सानिध्य में निर्विरोध संपन्न हुए । सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अध्यक्ष नीतू मुशरफ ,उपाध्यक्ष रेखा बड़जात्या, मंत्री शिल्पा पहाड़िया, सह मंत्री स्वाति पाटनी , कोषाध्यक्ष सरिता सोगानी, सांस्कृतिक मंत्री ऋतु सेठी, सह सांस्कृतिक मंत्री कोकिल तिलक, कार्यकारिणी सदस्य राजकुमारी टोड़ा वाले, सीमा जैन, उषा पाटनी ,अंजू सेठी, गीता जैन, ऋतु अजमेरा ,कविता बोहरा, नीरू रारा, ममता बोहरा, पिंकी बड़जात्या को मनोनित किया। नवगठित कार्यकारिणी द्वारा सेठी कॉलोनी मंदिर में भक्तामर पाठ का आयोजन किया गया।

# तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ भगवान का मनाया गया ज्ञान कल्याणक जोर-शोर से



**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे सहित परिक्षेत्र के चकवाडा, चौरू, नारेडा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेडा, लसाडिया एवं लदाना सहित कस्बे के आदिनाथ मंदिर, बीचला मंदिर,मुनि सुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मंदिर , पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर सहित सभी जिनालयों में जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ भगवान का ज्ञान कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया,कार्यक्रम में जैन महासभा के प्रतिनिधि राजाबाबू गोधा ने अवगत कराया कि इस अवसर पर परिक्षेत्र सहित कस्बे के सभी जिनालयों में विशेष आयोजन आयोजित किए गए तथा कार्यक्रम में शुक्रवार को प्रातः श्री जी के अभिषेक, शांतिधारा, अष्टद्रव्यों से पूजा अर्चना के बाद चन्द्रवीर जैन मंदिर में पूजा के बाद श्री जी के समक्ष सुपार्श्वनाथ भगवान का ज्ञान कल्याणक का अर्घ्य अर्पित कर सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना करते हुए जयकारों के साथ सामूहिक रूप से श्री जी के समक्ष ज्ञान कल्याणक का अर्घ्य अर्पित किया गया। कार्यक्रम में समाजसेवी चंपालाल जैन, ओमप्रकाश बजाज,सरावगी समाज के अध्यक्ष महावीर अजमेरा , सुरेश गंगवाल चंद्रपुरी जैन मंदिर समिति के अध्यक्ष सत्येंद्र झंडा, पवन गंगवाल, अशोक नला, सुनील गंगवाल, बाबूलाल पहाड़िया, निक्की पहाड़िया, नरेंद्र झंडा तथा राजाबाबु गोधा सहित सभी श्रावक श्राविकाएं मोजूद थे।






# पंचकल्याणक के दूसरे दिन गर्भ कल्याण की क्रियाएं हुई संपन्न

## शुभ की क्रियाएं बड़े पुण्य से होती हैं और कॉमा की नगरी बड़ी पुण्यशाली है : आचार्य सुनील सागर महाराज

## सत्य अहिंसा करुणा से हमारा इतना ही नाता है दीवारों पर लिख दिवाली पर मिटाना है : जगद्गुरु बल्लभाचार्य पंचम पीठाधीश्वर

**कामां. शाबाश इंडिया**

कामां के कोट ऊपर स्थित कामसेन स्टेडियम को हस्तिनापुर नगरी का रूप देकर भव्य और दिव्य पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है । दूसरे दिन भगवान के गर्भ कल्याणक की क्रियाएं आचार्य सुनील सागर महाराज ससंघ सानिध्य में पूर्ण हुई। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के महामंत्री संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन गर्भ कल्याण की क्रियाएं हुई । आचार्य सुनील सागर महाराज ने कहा कि जिसके पास कार है वह संसार की यात्रा तो कर सकता है लेकिन परमात्मा की यात्रा करने के लिए कार कि नहीं संस्कार की जरूरत है।

### दो धाराओं का हुआ मिलन

प्रचार प्रभारी रवि जैन ने बताया कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में जगतगुरु वल्लभाचार्य पंचम पीठ महाराज पधारे तो दो धाराओं के मिलन हुआ। इस अवसर पर वल्लभाचार्य ने कहा कि सत्य अहिंसा करुणा का पालन इतना ही हो रहा है केवल दीवारों पर लिखा और दिवाली पर मिटा दिया । वर्तमान में सब संस्कारों से दूर होते चले जा रहे हैं। प्रतिष्ठा महोत्सव के पदाधिकारी ने जगतगुरु का किया सम्मान तो भावुक हो कर कहा कि काम की नगरी में आदित्य भाव कूट-कूट कर भरा हुआ है।

### माता एरा देवी की हुई गोद भराई

प्रतिष्ठा महोत्सव में भगवान की माता बनी उषा देवी जैन बड़जात्या जो की एरा माता का रूप धारण किए हुए थी। भगवान के गर्भ में आने के कारण गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित हुआ तो सभी लोगों ने मंत्र मुग्ध होकर गोद भराई की। ऋषभ जैन संगीतकार सरस के संगीत के साथ गोद भराई में होड़ सी मच गई। कार्यक्रम में कामा विधायक नोक्षम चौधरी, उपखंड अधिकारी सुनील कुमार के साथ-साथ भाजपा के पदाधिकारी गण पधारे तो प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के पदाधिकारीयों ने उनका अभिनंदन किया।



### निकाली जाएगी विशाल शोभायात्रा

प्रतिष्ठा महोत्सव समिति में शुक्रवार को भगवान का जन्म कल्याणक मनाया जाएगा तो वहीं कस्बे में विशाल शोभायात्रा कोट उपर स्थित हस्तिनापुर नगरी से बिजली घर, बस स्टैंड, नगर पालिका, लाल दरवाजा होते हुए हस्तिनापुर नगरी पहुंचेगी।

### हेलीकॉप्टर से होगी पुष्प वर्षा

शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण हेलीकॉप्टर द्वारा पांडुक शीला पर पुष्प वर्षा होगी। हस्तिनापुर नगरी के निर्माण को देखने के लिए काम का जन-जन को ऊपर पहुंच रहा है और मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहा है कार्यक्रम स्थल पर गिरनार सिद्ध क्षेत्र को लेकर भी विशेष झांकी का निर्माण किया गया है जहां पहुंचकर जैन समाज के साथ-साथ सभी लोग सेल्फी लेते हुए दिखाई दे रहे हैं मेल महोत्सव को लेकर जैन समाज के युवाओं में बड़ा ही उत्साह नजर आ रहा है।



## वेद ज्ञान

### जरूरी है 'आशा' का सामंजस्य

मनुष्य का सारा जीवन अनंत आशाओं के भंवरजाल में फंसा रहता है। यह सही है कि आशा जीवनी शक्ति प्रदान करती है। मनुष्य को बहुत कुछ करने को प्रेरित करती है, लेकिन उसका दूसरा पक्ष यह भी है कि आशा और कामना की एकाध कड़ी पार करते ही मनुष्य अनंत आशाओं के चक्रव्यूह में फंसता चला जाता है। यह सत्य है कि जीवन में अगर क्रियात्मक आशा की जाए तो सफलताएं मिलती हैं लेकिन जब समुद्र की लहरों की तरह मन में आशा की अनंत लहरें उठने लगती हैं तो उसे पूरा करना संभव नहीं होता है। जब एक-दो बार आशा पूरी हो जाती है तो मनुष्य स्वभावतः अहंकारी हो जाता है। वह प्रतिक्षण अपने मन में उठते मनोवेग की तरह वह सब कुछ पा लेना चाहता है जो वह कल्पना करता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि आशा का प्रवाह अनंत होता है। एक आशा पूरी होती है तो दूसरी सिर उठाकर सामने खड़ी हो जाती है। यह निरंतर चलने वाली मन की प्रक्रिया है। प्रत्येक मनुष्य धन कमाना चाहता है। उसके लिए वह अनेक कृत्य करता रहता है और एक बार जब धन की प्राप्ति हो जाती है तो वह और धन प्राप्त करना चाहता है। मनुष्य की चाह का कोई अंत नहीं है। कामना और वासना दो ऐसे मनोवेग हैं, जो कभी पूरे नहीं होते। आज तक धन की कामना और वासना की पूर्ति से कभी कोई संतुष्ट नहीं हुआ। जीवनभर इस कामना और वासना की पूर्ति में मनुष्य अपना सारा जीवन नष्ट कर देता है और उसे सुख कभी नहीं मिलता। सुख की खोज में भटकते-भटकते मनुष्य अंत में दुख प्राप्त करके घर लौटता है। आज हमारे समाज में इतने दुखी, अशांत, चिंताग्रस्त, बीमार लोग इसलिए हैं कि वे अपनी कामनाओं को पूरा नहीं कर पाए। आशावादी होना जीवन के लिए उपयोगी है, लेकिन आशा जब परवान चढ़ने लगे, आशा जब अनंत बन जाए तो जीवन के लिए खतरनाक बन सकती है। आज प्रत्येक परिवार में इतनी कलह इसलिए है कि परिवार के प्रत्येक सदस्य अपने-अपने अहंकार की पूर्ति की आशा में बैठे हैं। आज परिवार इसलिए टूट रहे हैं कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी-अपनी आशाओं की पूर्ति के लिए अहंकार के घोड़े पर बैठा है।

## संपादकीय

# चांद का रास्ता...

लगभग 50 साल पहले अमेरिका और तत्कालीन सोवियत संघ में चांद पर जाने की रेस शुरू हुई थी। अमेरिका पहला देश है, जो चांद पर इंसान को भेजने में सफल रहा। सोवियत संघ ने भी अपना लैंडर चांद पर उतरा। भारत इस क्षेत्र का अपेक्षाकृत नया खिलाड़ी है। चंद्रयान-तीन मिशन के जरिये वह अपनी ताकत पूरी दुनिया को दिखा चुका है। अब वह गगनयान के जरिये अपने चार अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी की कक्षा में भेजेगा। उसका लक्ष्य अंतरिक्ष में एक स्टेशन बनाने का है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले दिनों विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र का दौरा किया और मिशन गगनयान की तैयारियों की समीक्षा की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने मिशन पर जाने वाले चार यात्रियों को भी सम्मानित किया। इस समीक्षा बैठक में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के लिए एक दूरदर्शी रोडमैप तैयार किया गया। इसके लक्ष्यों में से एक है, भारत-निर्मित, स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन की स्थापना करना, जिसको भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन के रूप में जाना जाएगा। यह भारत के अंतरिक्ष बुनियादी ढांचे में एक ह्यएसेटह्न के रूप में कार्य करेगा। इस महत्वपूर्ण प्रयास के साल 2035 तक साकार होने की उम्मीद है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन, जिसे वर्तमान में अमेरिका, रूस, कनाडा, जापान और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसियों द्वारा प्रबंधित किया जाता



है, बंद हो जाएगा। गगनयान देश का पहला मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन है, जिसके तहत चार यात्रियों को अंतरिक्ष की सैर कराई जाएगी। इस मिशन को इस साल के आखिर या 2025 की शुरूआत में भेजा जा सकता है। इन चार यात्रियों में पहले हैं एस्ट्रोनॉट प्रशांत बालाकृष्णन नायर। प्रशांत केरल के केपलक्कड़ के नेनमारा के रहने वाले हैं। उनको रूस में मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन के लिए ट्रेनिंग दी गई है। दूसरे एस्ट्रोनॉट अजित कृष्णन वायुसेना के टेस्ट पायलट हैं। वह भी प्रशांत बालाकृष्णन की तरह ही एयरफोर्स में ग्रुप कैप्टन हैं। अजित कृष्णन का जन्म चेन्नई, तमिलनाडु में हुआ था। तीसरे अंगद प्रताप भी वायुसेना में फाइटर और टेस्ट पायलट हैं। वह भी ग्रुप कैप्टन के तौर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अंगद प्रताप का जन्म प्रयागराज में हुआ था। चौथे एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला वायुसेना में विंग कमांडर हैं। लखनऊ में जन्मे शुभांशु की मिलिट्री ट्रेनिंग एनडीए में हुई है। गगनयान मिशन के लिए न जाने कितने पायलटों का टेस्ट हुआ, जिनमें से इन चारों को चुना गया। भारत और तब के सोवियन संघ के संयुक्त अंतरिक्ष अभियान में राकेश शर्मा आठ दिनों तक अंतरिक्ष में रहे थे। अंतरिक्ष में जाने वाले वह पहले भारतीय और विश्व के 138वें व्यक्ति थे। भारतीय मूल की अमेरिकी नागरिक कल्पना चावला 19 नवंबर, 1997 को छह अंतरिक्ष यात्रियों के एक दल का हिस्सा थीं। अंतरिक्ष शटल कोलंबिया की उड़ान से अंतरिक्ष की यात्रा करके कल्पना ने अपने नाम का डंका बजाया।

**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# अंतरिक्ष में कामयाबी के बढ़ते कदम

**प्रमोद भार्गव**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने गगनयान अभियान की चरणबद्ध तैयारी में क्रायोजेनिक इंजन सीई-20 को स्वदेशी तकनीक से विकसित कर लिया है। गगनयान भारत का पहला ऐसा अंतरिक्ष अभियान होगा, जो मानव को लेकर अंतरिक्ष की उड़ान भरेगा। इस इंजन को मानव मिशन के योग्य बनाने की दृष्टि से चार इंजनों को अलग-अलग स्थितियों में 39 हाट फायरिंग जांच से गुजारा गया। यह इंजन एलवीएम-3 प्रक्षेपण वाहन के ऊपरी चरण को शक्ति प्रदान करेगा। यही इंजन अंतरिक्ष उड़ानों से लेकर उपग्रहों और मिसाइल प्रक्षेपण में काम आता है। दरअसल, हमारे वैज्ञानिकों ने विपरीत हालातों में हासिल की है उपलब्धि यही इंजन अंतरिक्ष उड़ानों से लेकर उपग्रहों और मिसाइल प्रक्षेपण में काम आता है। दरअसल, हमारे वैज्ञानिकों ने अनेक विपरीत परिस्थितियों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों के बावजूद इस क्षेत्र में अद्वितीय उपलब्धियां हासिल की हैं। अन्यथा एक समय ऐसा भी था, जब अमेरिका के दबाव में रूस ने क्रायोजेनिक इंजन देने से मना कर दिया था। असल में यही इंजन किसी भी प्रक्षेपण यान की वह शक्ति है, जो भारी वजन वाले उपग्रहों और अन्य उपकरणों को अंतरिक्ष में पहुंचाती है। दरअसल, भारत ने शुरूआत में रूस से इंजन खरीदने का अनुबंध किया था। मगर 1990 के दशक के आरंभ में अमेरिका ने मिसाइल तकनीक नियंत्रण व्यवस्था (एमटीसीआर) का हवाला देते हुए इसमें बाधा उत्पन्न कर दी थी। इसका असर यह हुआ कि रूस ने तकनीक तो नहीं दी, लेकिन शुल्क लेकर छह क्रायोजेनिक इंजन भारत को भेज दिए थे। कालांतर में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा की मदद से भारत को एमटीसीआर क्लब की सदस्यता भी मिल गई, लेकिन इसके पहले ही इसरो के वैज्ञानिकों ने कठोर परिश्रम और दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर स्वदेशी तकनीक से इंजन विकसित कर लिया। मानव मिशन की इस उड़ान के पहले चरण का सफल प्रक्षेपण इसरो पहले ही कर चुका है। देश के महत्त्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम गगनयान से जुड़े पेलोड के साथ उड़ान भरने वाले परीक्षण यान के विफल होने की स्थिति में क्रू माड्यूल, यानी जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे, को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित करने के बाद सुरक्षित वापस लाने के लिए क्रू एस्केप सिस्टम यानी चालक दल बचाव प्रणाली (सीईएस) का सफल परीक्षण कर इसरो विश्व कीर्तिमान स्थापित कर चुका है। इस बचाव प्रणाली की जरूरत इसलिए थी कि यान के विफल होने पर कई वैज्ञानिक प्राण गंवा चुके हैं। इस परीक्षण के अंतर्गत क्रू माड्यूल राकेट से अलग हो गया और बंगाल की खाड़ी में गिर गया। क्रू माड्यूल वह स्थान है, जहां गगनयान मिशन के दौरान अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरिक्ष में पृथ्वी जैसे वातावरण में रखा जाएगा। गगनयान के अगले वर्ष उड़ान भरने की संभावना है। इस परियोजना के तहत इसरो मानव चालक दल को चार सौ किमी ऊपर पृथ्वी की कक्षा में भेजेगा। इसलिए भारतीय मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम अत्यंत महत्त्वपूर्ण होगा। प्रधानमंत्री ने इसरो में वैज्ञानिकों के साथ बातचीत में उनके लिए लक्ष्य भी तय कर दिए हैं कि 2035 में भारत का अंतरिक्ष स्टेशन स्थापित हो तथा 2040 में चंद्रमा पर भारतीय नागरिक के कदम पड़ जाएं। इस यान में तीन भारतीय अंतरिक्ष यात्री तीन दिन अंतरिक्ष की सैर करेंगे। रोबोट-मानव भी साथ ले जाया जा सकता है।

# जेसीआई ने आयोजित किया कैंसर अवेयरनेस टॉक कार्यक्रम

## कार्यक्रम में डॉ. मिताली गर्ग ने दी उपयोगी जानकारियां

**मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया**

मुरैना। महिलाओं के स्वयं सेवी संगठन जेसीआई मुरैना जागृति ने महिलाओं और बालिकाओं के लिए कैंसर अवेयरनेस टॉक का आयोजन किया। आयोजन में डॉ. मिताली गर्ग ने सरवाइकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर के तमाम पहलुओं से जुड़ी खास जानकारियां दीं और बताया कि इस गंभीर समस्या से कैसे बचा जा सकता है। डॉ. मिताली गर्ग ने सबसे पहले महिलाओं और बालिकाओं को बताया कि सरवाइकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर होता क्या है। इसके बाद उन्होंने लक्षणों के आधार पर खुद ही इस समस्या की पहचान करने के तरीके भी बताए। उन्होंने कहा कि सरवाइकल कैंसर और ब्रेस्ट कैंसर गंभीर समस्या है, इसलिए हमें सदैव सजग रहने की जरूरत है। उन्होंने कैंसर से बचने के लिए उपयोगी वैक्सीन के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि यह वैक्सीन सिर्फ महिलाओं व बालिकाओं को ही नहीं लगवानी चाहिए, बल्कि लड़कों के लिए भी जरूरी है, क्योंकि उनमें भी कई तरह के कैंसर का खतरा रहता है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं व बालिकाओं ने भी कैंसर से जुड़े कई सवाल किए, जिनके डॉ. मिताली गर्ग ने तर्कसम्मत जवाब दिए। कार्यक्रम में लता गोयल, भावना जैन, भारती मोदी, नीता बांदिल, कविता सिंहल, सारिका सिंहल, मधु सिंहल, सपना बसंल, अंजना गर्ग, सरिता गर्ग, निधि गुप्ता, ममता सहित कई बालिकाएं मौजूद रहीं।




### साइलेंट वर्कर्स का सम्मान किया

कैंसर अवेयरनेस टॉक के बाद जेसीआई मेंबर्स ने साइलेंस वर्कर्स का सम्मान किया। इसके लिए उन्होंने बिजली कंपनी के कुछ लाइन मैन तथा जिला अस्पताल में कार्यरत वार्ड बॉयज को आमंत्रित किया था। जेसीआई मेंबर्स ने कहा कि ये कर्मचारी सही मायनों में जनहित से जुड़े कार्य करते हैं। बिजली कंपनी के कर्मचारी जहां अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों को सुविधा उपलब्ध कराते हैं तो वार्ड बॉयज बीमार और घायल लोगों को त्वरित उपचार मुहैया कराने के लिए तत्पर रहते हैं। अपने कार्य के लिए ये लोग साधुवाद के पात्र हैं।

### अब लगाएंगे कैंसर चेकअप कैंप

जेसीआई मुरैना जागृति अब कैंसर चेकअप कैंप का आयोजन भी करेगा। अवेयरनेस टॉक और साइलेंट वर्कर्स का सम्मान करने के बाद आयोजित जेसीआई की बैठक में इस पर विचार किया गया। महिलाओं ने तय किया कि आगामी समय में एक कैंप का आयोजन भी किया जाएगा, ताकि शहर की महिलाओं का चेकअप किया जा सके। इसके अलावा मीटिंग में 8 मार्च को महिला दिवस मनाने पर भी चर्चा की गई। महिलाओं ने बताया कि दो-तीन दिन में महिला दिवस कार्यक्रम को अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

# भामाशाहों द्वारा निर्मित 06 कक्षा का हुआ लोकार्पण

**नरेश सिगची. शाबाश इंडिया**

रावतसर। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रावतसर में आज मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना के तहत सत्यदेव राठौड़ प्रधानाचार्य के नेतृत्व में विद्यालय स्टाफ, पूर्व विद्यार्थियों, एवं एसडीएमसी सदस्यों के सहयोग से प्रारंभ किया गया अभियान के तहत भामाशाहों ने विद्यालय में सहयोग प्रदान किया । उससे निर्मित कमरों का 6 लोकार्पण किया गया। सहयोग कर्ता भगवान जम्भेश्वर सेवा समिति, बिश्नोई समाज, रावतसर, दिनेश राजेश सोमानी परिवार, सुरेन्द्र कुमार, सुरेश कुमार सोमानी परिवार,रतनलाल पवन सोमानी परिवार, श्री कुम्हार समाज सेवा समिति, रावतसर, हनुमान मनोज सुथार परिवार द्वारा निर्माण प्रक्रिया पूर्ण होकर आज सभी भामाशाहों द्वारा लोकार्पण किया गया। इस अवसर भामाशाह रतनलाल सोमानी, दिनेश कुमार सोमानी,सुरेश कुमार सोमानी, पवन कुमार सोमानी, राजेश कुमार सोमानी,, सुरेन्द्र सोमानी, हनुमान सुथार ,मनोज कुमार सुथार, बिश्नोई समाज से अध्यक्ष एडवोकेट विनोद राहड, कृष्ण लाल काकड़,जगदीश सिहाग, रामेश्वर सिहाग,राजाराम भादू,सतपाल भादू एडवोकेट रंगलाल बिश्नोई, सुभाषचंद्र सीगड, प्रतीक बिश्नोई, कुम्हार समाज से अध्यक्ष एडवोकेट अर्जुन लाल, नारायण सिह करडवाल, रणजीतसिंह किरोड़ीवाल, जयचंद धनारिया, देवीलाल रोकणा, ओमप्रकाश वर्मा पूर्व प्रधानाचार्य, महावीर सुडा,टीकूराम



गेदर, रामजीलाल, पंकज खदरिया, डॉक्टर नरेन्द्र कुमार थोरी, सहित बड़ी संख्या में भामाशाह समाज के सदस्यो द्वारा अपने अपने कक्षाकक्षों का लोकार्पण किया गया । सभी भामाशाह के बडी संख्या में सदस्यों तथा सुथार और सोमानी परिवार के परिजन उपस्थित रहे। इसके पश्चात प्रधानाचार्य सत्यदेव राठौड़ एवं विद्यालय स्टाफ ने आये हुए सभी अतिथियों, परिजनों, मिडिया के साथियों तथा एसडीएमसी सदस्यों का स्वागत और सत्कार किया गया।

# उपाध्याय श्री विरंजन सागर जी के सान्निध्य में हुई भव्य वेदी प्रतिष्ठा समारोह

रत्नेश जैन रागी. शाबाश इंडिया

शाहगढ़। निकटवर्ती ग्राम तारपोह में दो दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा समारोह पूज्य गणाचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के शिष्य जनसंत उपाध्याय श्री विरंजन सागर जी महाराज ससंघ के मंगल सान्निध्य में विविध कार्यक्रमों के साथ आयोजित किया गया। राहुल जैन बीला ने बताया कि दो दिवसीय दिनांक 28 व 29 फरवरी को नवीन वेदिका की प्रतिष्ठा कर श्रीजी को विराजमान किया गया। इस मौके पर घटयात्रा, वेदी शुद्धि, यागमण्डल विधान, श्रीजी की शोभायात्रा विमानोत्सव किया गया। इस मौके पर पूज्य गुरुदेव उपाध्यायश्री के मंगल प्रवचनों का लाभ प्राप्त हुआ।





# विश्व भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल जेरठी में वार्षिकोत्सव व सम्मान समारोह आयोजित



सुधीर शर्मा. शाबाश इंडिया

सीकर। जिले के जेरठी गांव में स्थित विश्व भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गुरुवार को वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सबसे पहले मां सरस्वती की पुजा करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई उसके बाद कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम में बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र व छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। स्कूल के डायरेक्टर हरिराम मील शिशराम मिल ने बताया कि हर साल यह वार्षिकोत्सव समारोह आयोजित किया जाता है जिसमें उच्चतम अंक प्राप्त विधार्थियों को पुरस्कार व सभी विधार्थियों को तथा मेहमानों को भोजन कराया जाता है।



# लहरों से डरकर नौका पार नहीं होती: सोहनलाल द्विवेदी

**पुण्यतिथि पर विशेष**

उदयपुर। लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती,
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती....

बरसों पहले राष्ट्रकवि सोहनलाल द्विवेदी की कलम से निकले ये शब्द आज भी निराशा के घोर अंधकार को चीर कर जीवन में आशा का उजाला भर देते हैं। सन 1906 में उत्तरप्रदेश के फतेहपुर जिलें के बिन्दकी नामक गाँव में पंण सोहनलाल द्विवेदी स्वतंत्रता



आंदोलन युग के एक ऐसे विराट कवि थे, जिन्होंने जनता में राष्ट्रीय चेतना जागृति करने और युवाओं में देशभक्ति की भावना भरने में अपनी सारी शक्ति लगा दी।
भारत सरकार द्वारा ऊर्जा और चेतना से भरपूर रचनाओं के इस रचयिता को पहले राष्ट्रकवि एवं सन 1969 में पद्मश्री की उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। आज उनकी पुण्यतिथि पर शाबाश इंडिया की ओर से उन्हें शत-शत नमन करते हुए प्रस्तुत हैं उनकी प्रसिद्ध कविता की ये पंक्तियाँ.....

लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती

नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है
आखरि उसकी मेहनत बेकार नहीं होती
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती

डुबकियां सिंधु में गोताखोर लगाता है
जा जाकर खाली हाथ लौटकर आता है
मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में
बढ़ता दुगना उत्साह इसी हैरानी में
मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती

असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम
संघर्ष का मैदान छोड़ मत भागो तुम
कुछ किये बिना ही जय जयकार नहीं होती
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती.....

**ओमपाल सीलन,**
**फिल्म पत्रकार एंव समीक्षक,**
**वीआईएफटी, उदयपुर।**

# सहस्रकूट विज्ञातीर्थ पर बनाया सुपार्श्वनाथ भगवान का ज्ञान कल्याणक



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ, गुन्सी (राज.) की पावन धरा पर विराजमान श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में श्री सुपार्श्वनाथ भगवान का ज्ञान कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। माताजी के मुखारविंद से भगवान की स्तुति आराधना की गई। तत्पश्चात श्री शांतिनाथ चैत्यालय में आज की शांतिधारा करने का सौभाग्य अनिल शाह मोहनबाड़ी, जयपुर, प्रहलाद जैन झिलाई एवं महावीर प्रसाद पहाड़िया झिलाई वालों ने प्राप्त किया। तत्पश्चात गुरुमाँ की उपवास के उपरांत पारणा निर्विघ्न सम्पन्न कराने का सौभाग्य प्रकाश छाबडा जयपुर, सुमित्रा छाबडा जयपुर, शांतिलाल अजमेरा जयपुर, अनिल शाह जयपुर, मंजू देवी शाह जयपुर, शिमला जैन निवाई, महेश मोटूका वाले निवाई वालों ने प्राप्त किया। प्रवचन सभा में उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म का सदुपदेश देते हुए कहा कि-जिस तरह थोड़ी सी औषधि भयंकर रोगों को शांत कर देती है। उसी तरह ईश्वर की थोड़ी सी स्तुति बहुत से कष्ट और दुःखों का नाश कर देती है। भगवान की स्तुति करना भक्त का परम कर्तव्य है। कर्तव्य पालन बिना मुक्ति संभव नहीं है।

# अनंत-राधिका के प्री-वेडिंग बैश में शामिल होने पहुंचे बॉलीवुड सितारे



**जामनगर. शाबाश इंडिया।** बिजनेसमैन मुकेश अंबानी और नीता अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की शादी इन दिनों जबरदस्त चर्चा में है। 1 मार्च से 3 मार्च तक गुजरात के जामनगर में होने वाले प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन में बॉलीवुड की कई नामचीन हस्तियां नजर आएंगी। गुरूवार को सलमान खान को भी जामनगर के एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। एक्टर कैजुअल लुक में नजर आए। अर्जुन कपूर भी जामनगर पहुंच चुके है। वहीं, जान्हवी कपूर, मानुषी छिल्लर, अभिषेक बच्चन, फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा, पंजाबी सिंगर बी प्राक और उद्धव ठाकरे के बेटे तेजस ठाकरे भी जामनगर पहुंच चुके हैं। बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान भी अपनी फैमिली के साथ जामनगर पहुंच चुके हैं। गौरतलब है की अनंत और राधिका की शादी से पहले की रस्में बुधवार को अन्न सेवा के साथ शुरू हुईं।
**प्री-वेडिंग फेस्टिविटीज की गेस्ट लिस्ट:** बी-टाउन से अमिताभ बच्चन, अभिषेक बच्चन, ऐश्वर्या राय बच्चन, फैमिली संग रजनीकांत, शाहरुख खान, गौरी खान, सुहाना खान, आर्यन खान, अबराम खान, आमिर खान, सलमान खान, अक्षय कुमार और ट्विंकल खन्ना, अजय देवगन, काजोल, सैफ अली खान, करीना कपूर खान, चंकी पांडे, भावना पांडे (चंकी पांडे की पत्नी), अनन्या पांडे, रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण, रणबीर कपूर और आलिया भट्ट, विक्की कौशल, कैटरीना कैफ, माधुरी दीक्षित, डॉक्टर श्रीराम नेने (माधुरी के पति), आदित्य चोपड़ा, रानी मुखर्जी, करण जौहर, बोनी कपूर, अर्जुन कपूर, जाह्नवी कपूर, खुशी कपूर, अनिल कपूर, हर्षवर्धन कपूर, सोनम कपूर, वरुण धवन, सिद्धार्थ मल्होत्रा, श्रद्धा कपूर और करिश्मा कपूर जैसे सेलेब्स गेस्ट लिस्ट में शामिल हैं।

# तीर्थधाम सिद्धायतन में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों का हुआ विदाई समारोह

## अतिथियों ने कहा संस्था ने जो संस्कार दिये उन्हें अक्षुण्ण बनाये रखना। स्मरणांजलि सभा भी हुई आयोजित



राजेश जैन रागी. शाबाश इंडिया

बड़ामलहरा। बुंदेलखंड के प्रसिद्ध जैन तीर्थ स्थल सिद्धक्षेत्र द्रोणगिरि की तलहटी में श्री गुरुदत्त कुंदकुंद कहान दिगंबर जैन स्वाध्याय मंदिर ट्रस्ट द्वारा स्थापित तीर्थधाम सिद्धायतन में संचालित श्री समंतभद्र शिक्षण संस्थान में अध्ययनरत दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों का विदाई समारोह गरिमामयी उपस्थिति में स्वाध्याय भवन में आयोजित किया गया। विद्यालय समिति के अध्यक्ष आलोक दाऊ ने विज्ञप्ति में बताया कि आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि घुवारा नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी पदमचंद जैन ने सिद्धायतन की मुक्तकंठ से सराहना करते हुये संस्था के नींव के पत्थर स्व.मा.चंद्रभान जैन एवं स्व.डा. शीतल प्रसाद फौजदार की मेहनत और लगन का परिणाम बताया। उन्होंने कहा कि यह संस्था शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। संस्था द्वारा संस्कारित शिक्षा देकर बच्चों का भविष्य उज्ज्वल किया जा रहा है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सिद्धायतन ट्रस्ट के मंत्री प्रद्युम्न फौजदार ने कहा कि ट्रस्ट की स्थापना के बाद 2003 में विद्यालय की स्थापना की गई थी जिसमें मात्र तीन ही विद्यार्थी थे लेकिन वर्तमान में शताधिक से अधिक विद्यार्थी संस्था में अध्ययनरत है जो यहां से जाकर अन्य अनेक संस्थाओं में अध्ययन कर विभिन्न शासकीय और अशासकीय संस्थाओं में कार्यरत है। प्रद्युम्न फौजदार ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये कहा कि यहां मिले संस्करों को आत्मसात कर आगे बढ़ें तथा ऐसे कार्य करें जिसमें संस्था के साथ-साथ माता-पिता,गांव और देश का नाम रोशन हो। इस दौरान शिक्षण संस्थान के सदस्य अरविंद जैन तथा ज्ञानोदय भोपाल से पधारे युवा विद्वान शुभम शास्त्री ने भी सारगर्भित उद्बोधन दिया। विदाई समारोह के कार्यक्रम का सफल संचालन कक्षा 9 वीं के छात्र रौनक जैन एवं हर्ष जैन ने किया तथा मंगलाचरण अनुराग जैन कक्षा 9 वीं, स्वागत गीत शुलभ जैन कक्षा 8वीं विदाई गीत हर्ष जैन कक्षा 9 वीं के द्वारा प्रस्तुत किया गया। कक्षा 10 वीं के छात्र वीर जैन ,आदीश जैन ऋषित जैन के द्वारो पांच वर्ष के अनुभव बताये गये एवं छात्र सरस जैन जैन द्वारा एक सुन्दर दिनचर्या बताते हुए गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान कक्षा नवमीं के विद्यार्थियों ने 10 वीं के विद्यार्थियों को उपहार स्वरूप ग्रुप फोटो भेंट किये तथा दसवीं के छात्रो ने विदाई के अवसर पर स्मृति स्वरूप वाँशिग मशीन संस्था को भेंट की जबकि ट्रस्ट ने धर्म विशारद के प्रमाण पत्र प्रदान किये।

### बाल ब्र. रविन्द्र जी को किया याद

तीर्थधाम सिद्धायतन द्रोणगिरि के प्रति हार्दिक वात्सल्य रखते हुए मार्गदर्शन व संरक्षण प्रदान करने वाले बाल ब्रह्मचारी रवीन्द्र जैन आत्मन-( बड़े पंडित जी साहब ) का देह वियोग हुए एक माह हो चुकने पर उनके द्वारा ही रचित 64 ऋद्धि विधान के माध्यम से भक्ति, अध्यात्म की स्वर लहरियों द्वारा पंच परमेष्ठी भगवन्तों का गुणानुवाद करते हुए अपने हृदय में समता भाव जागृत कर उनके पद पर चलने की भावना भायी गई तथा उनके सीडी प्रवचन उपरांत स्मरणांजलि सभा आयोजित की गई।

### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

तीर्थधाम सिद्धायतन में आयोजित उक्त कार्यक्रम में ट्रस्ट के अध्यक्ष विनोद डेवडिया, मंत्री प्रद्युम्न फौजदार, कोषाध्यक्ष दुर्गा प्रसादे जैन, उपमंत्री सेवकचंद्र जैन, ट्रस्टी जमुनालाल जैन, उदयचंद जैन, विद्यालय समिति के अध्यक्ष आलोक दाऊ, सचिव संतोष जैन एवं जैन मिलन शाखा के अध्यक्ष संजीव जैन,निखिल जैन,पंकज शास्त्री

# द्रोणगिरि में आयोजित हुई आचार्यश्री को समर्पित विनयांजलि सभा

राजेश जैन रागी. शाबाश इंडिया



**द्रोणगिरि (सेंधपा)।** परम पूज्य संतशिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की समतापूर्वक उत्कृष्ट समाधि की अनुमोदना भावपूर्ण विनयांजलि सभा का आयोजन श्री दिगम्बर सिद्धक्षेत्र द्रोणगिरि में किया गया ।द्रोणगिरि ट्रस्ट एवं प्रबंध समिति के सभी पदाधिकारी व सदस्यों के साथ क्षेत्रीय एवं स्थानीय समाज ने दीप प्रज्वलन किया गया। मंगलाचरण कु. भारती फौजदार ने किया।द्रोणगिरि कमेटी के उपाध्यक्ष राजेश जैन रागी ने बताया कि विनयांजलि सभा में पूज्य गुरुदेव के उपकारों को याद किया और आचार्यश्री द्वारा द्रोणगिरि से समता सागर महाराज की प्रथम मुनि दीक्षा कार्यक्रम तथा चौबीसी जिनालय में विराजमान प्रतिमाओं की प्रतिष्ठा हेतु आचार्यश्री के सान्निध्य में आयोजित पंचकल्याणक व गजरथ महोत्सव के संस्मरणों को बताया गया। इस मौके पर प्रबंध समिति के मंत्री सनत जैन कुटोरा , उपाध्यक्ष सुशील मोदी , संयुक्त मंत्री निर्मल वारौ व प्रमोद पाटनी , उपमंत्री कैलाश चौधरी,आडीटर नरेन्द्र जैन शिक्षक मुंगवारी, प्रचार मंत्री पं. शुभम शास्त्री बड़ामलहरा, प्रबधन प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य देवेश शास्त्री वलेह, नरेन्द्र पाटन,मा.सुरेशचंन्द्र वारौं ,पं. लालचंद , संजीव हरपालपुर, पं. महेश शास्त्री , प्रदीप मासाब घुवारा, सन्तोष कुमार शिक्षक, पं. मयंक द्रोणगिरी, पं.अजय द्रोणगिरी,पं.अंकित रजपुरा,सौरभ जैन मलगुंवा सहित न्यास एवं प्रबंध समिति के पदाधिकारी व सदस्य, आमंत्रित सदस्य, महासमिति सदस्य,क्षेत्रीय समाज व गणमान्य नागरिकों की उपस्थित रही।


## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादक: राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

## उत्साह के साथ 152 रेलकर्मियों ने किया रक्तदान

**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**









वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के तत्वावधान में आज पुरोहित की जन्म जयंती के अवसर पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में बड़े उत्साह के साथ 152 रेल कर्मचारियों उनके परिजनों व आमजन ने रक्तदान किया। शिविर में रक्तदान के लिए 177 लोगों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया जिस में डेढ़ दर्जन महिलाएं शामिल हैं। रक्तदान के लिए सुबह से ही रेलवे अस्पताल में उत्साह का वातावरण रहा रेल कर्मचारी जल्दी से जल्दी रक्तदान कर अपनी ड्यूटी पर या अपने गंतव्य पर जाना चाह रहे थे इसके लिए उनका प्रयास था कि कैसे भी करके उनका रक्तदान सबसे पहले हो जाए। शिविर के संयोजक हरिप्रसाद मीणा एवं मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने बताया कि शिविर की शुरूआत प्रातः 8:00 बजे हुई। शिविर का उद्घाटन कार्यक्रम रेलवे अस्पताल प्रभारी डॉक्टर सतवीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित रेल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए रिया हॉस्पिटल के निदेशक डॉक्टर महेंद्र मीणा, डॉ अकरम खान ,सहायक मंडल इंजीनियर अनिल जैन एवं डॉक्टर सतवीर सिंह डूडी डॉ मोनिका नागर, डॉक्टर मानव जैन ने अपने उद्बोधन में रक्तदान की महत्व के बारे मे कहा कि रक्तदान का महत्व सबसे ज्यादा है क्योंकि इससे किसी की जिंदगी बच सकती है। अतिथियों ने कहा करोना काल में रक्तदान के कारण सैकड़ो की जिंदगियां बचाई जा सकी। उन्होंने वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि गत 12 साल से यूनियन द्वारा लगातार रक्तदान शिविरों का आयोजन कर रहा हैं । इस अवसर पर मुख्य अतिथि यूनियन के जोनल कोषाध्यक्ष इरशाद खान ने कहा कि कामरेड उमरावमल पुरोहित की जन्म जयंती के अवसर पर वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज द्वारा कोटा में दो स्थानों पर गंगापुर सिटी सवाई माधोपुर एवं शामगढ़ में एक साथ पांच जगह पर रक्तदान शिविरो का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र का संचालन कर रहे यूनियन के मंडल उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन ने रेलवे अस्पताल से संबंधित समस्याओं के बारे में भी चर्चा की साथ ही शिविर में पधारे सभी सामाजिक संगठनों भारत विकास परिषद, नो मोर पेन ग्रुप रिया हॉस्पिटल ब्लड बैंक के पदाधिकारी सहित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान सभी अतिथियों एवं रक्तदान शिविर आयोजन समिति के सदस्य गण संयोजक हरिप्रसाद मीणा गजानंद शर्मा राजेश चाहर राजू लाल गुर्जर श्री प्रकाश शर्मा नरेंद्र जैन हरिमोहन मीणा इमरान खान वीरेंद्र मीणा चंद्र मोहन मीणा आदि का माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया। शिविर के आयोजन में यूनियन कार्यकर्ता नदीम खान रघुराज सिंह सुनील शर्मा चंद्र मोहन मीणा हरिमोहन गुर्जर आविद खान शरीफ मोहम्मद देवी सिंह मीणा लोकेश शर्मा लोकेश्वर मुद्गल नेम जी मीणा बाबूलाल योगी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं की प्रशंसनीय भूमिका रही।

### यूनियन के आह्वान पर 889 रेल कर्मचारियों ने किया रक्तदान

वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन के आव्हान पर आज स्वर्गीय कामरेड उमराव मल पुरोहित जी की जन्म जयंती के अवसर पर कोटा मंडल में एक साथ पांच रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया ।जिसमें शामगढ़ में 85 सवाई माधोपुर में 65 कोटा मंगल कार्यालय में 302 कोटा वर्कशॉप में 285 एवं गंगापुर सिटी में 152 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया।




# सिद्धार्थनगर जैन मंदिर का वार्षिक उत्सव 3 मार्च को

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** सकल दिगंबर जैन समाज सिद्धार्थनगर के द्वारा वार्षिक उत्सव सर्वतोभद्र इंद्रासन स्तंभ के वार्षिक अभिषेक रविवार, 3 मार्च 2024 को श्री दिगंबर जैन मंदिर महावीर स्वामी सिद्धार्थ नगर जयपुर में किए जाएंगे। पंचामृत अभिषेक में समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है। यह सर्वततोभद्र इंद्रासन स्तंभ प्रथम तल से 27 फीट ऊंचा है जोकी जयपुर में अपने आप में एक अनूठा इंद्रासन स्तंभ है। समाज के लोगों में काफी उत्साह रहता है, इसके पंचामृत अभिषेक को लेकर ,कार्यक्रम से पूर्व दिवस शनिवार 2 मार्च 2024 को भक्ति संध्या का आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि अरविंद कुमार जैन है। कार्यक्रम की जानकारी आशीष जैन छाबड़ा महामंत्री के द्वारा दी गई। अध्यक्ष पारस जैन आगरा वालों ने बताया मंदिर के सभी कार्यक्रम श्री दिगंबर जैन महावीर स्वामी खंडाकांन समिति के द्वारा समाज को साथ में लेकर के उत्साह के साथ संपन्न किए जाते हैं। कार्यक्रम के संयोजक सुधीर गोधा, महावीर रावका, जिनेंद्र चांदवाड होंगे।

# जन्म लेना है तो माँ विजय मती की तरह लो जिन्होंने सम्पूर्ण भारतवर्ष में जैनत्व का मान बढ़ाया

## जन्म कल्याण की शोभायात्रा में उमड़ पड़ा संपूर्ण कॉमा शहर तो सभी समाजों ने किया अभिनंदन



**कामां. शाबाश इंडिया**

यूं तो सभी जन्म लेते हैं लेकिन कुछ ही लोगों का जन्म सार्थक होता है यदि जन्म लेना है तो मां विजय मती की तरह लो जिन्होंने संपूर्ण भारत वर्ष में जैनत्व का मान बढ़ाया और अपने संयम की साधना में अग्रणी रही उक्त उद्गार जैनाचार्य सुनील सागर महाराज ने पंचकल्याणक प्रतिष्ठा में भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव में व्यक्त किये। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव समिति के महामंत्री संजय जैन बड़जात्या ने बताया कि पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की तीसरे दिन बालक शांति कुमार का जन्म कल्याणक उत्सव मनाया गया तो हजारों की संख्या में जैन श्रावकों के साथ अन्य श्रावक भी उमड पड़े वहीं जब विशाल शोभा यात्रा कस्बे में निकाली गई तो गजराज पर इन्द्रो को विराजमान देख संपूर्ण कामां नगर हर्षित नजर आया और स्वागत को खड़ा हो गया। इस अवसर पर खंडेलवाल समाज, अग्रवाल समाज, पंजाबी समाज, कमल अरोड़ा के नेतृत्व में व्यापार महासंघ, किराना व्यापार महासंघ, रेडीमेड यूनियन, ब्राह्मण समाज, यादव समाज, गिरधारी खण्डेलवाल, लालचन्द सिंघल, राजू शर्मा, दीपक जांगिड़ सहित अनेको लोगो ने स्वागत सत्कार किया। जन्म कल्याणक पर पशुपालन में गृह राज्य मंत्री जवाहर बेढम ने कहा कि यह कृषि के साथ-साथ ऋषि प्रधान देश भी है। स्थानीय विधायक नोक्षम चौधरी ने कहा कि जैन समाज स्वावलंबी स्वाभिमानी वह साधन संपन्न समाज है। जिन्होंने इतने बड़े आयोजन का बीड़ा उठाया है मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहती हूं। यह सब उनकी एकता और बुद्धिमत्ता का प्रमाण है। पूर्व मंत्री मदन मोहन सिंघल, रविंद्र जैन सहित अन्य नेताओं का प्रतिष्ठा महोत्सव के पदाधिकारीयो ने अभिनंदन किया।

### ऐरावत गजराज पर सौधर्म इंद्र हुए विराजमान

जयपुर के हाथी गांव से आए गजराज को ऐरावत गजराज का रूप प्रदान किया गया तो सौधर्म इंद्र रिंकू जैन बड़जात्या अपनी शचि इंद्राणी दीपा के साथ तीर्थंकर बालक शांतिकुमार को गोद मे लेकर पांडुकशीला पहुँचे तो 1008 कलशों से इन्द्रो ने अभिषेक किया। अन्य गजों पर कुबेर इंद्र वैभव जैन रिया जैन रत्नों की वर्षा करते हुए चल रहे थे एवं महायज्ञनायक पारस जैन मीरा जैन बड़जात्या जयपुर भी आरूढ़ हुये। पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव में मुख्य ईशान इंद्र दीपक जैन दीपाली जैन,सानत इंद्र मुकेश चन्द स्नेहलता, माहेन्द्र रवि अंजलि जैन बड़जात्या, महामंडलेश्वर धर्मचन्द अंजना जैन लहसरिया, मण्डलेश्वर सुभाष जैन पुष्पा बिजली वाले, गुड़गांव से आई हुई सुसज्जित बग्गियों पर विराजमान होकर शोभायात्रा की शोभा बढ़ा रहे थे। पुष्पक विमान से हुई पुष्प वर्षा अख्खड़ बाड़ी विमल कुंड स्थित हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर ने उड़ान भरकर संपूर्ण कामां नगर में पुष्प वर्षा की तो लोगों को लगा कि पुष्पक विमान से देवों द्वारा पुष्प वर्षा की जा रही है। प्रथम पुष्प वर्षा मुकेश जैन विशाल जैन परिवार द्वारा की गई। बार-बार आने से लोगों में उत्सुकता नजर आई तो वही बड़ी संख्या में दर्शन भी एकत्रित हो गए।

### जैन भजनों पर जमकर थिरके युवा

सहारनपुर के अशोक बैंड, मवाना के ताज बेंड,उदयपुर के मिलन बैंड एवं राया की नफीरी के साथ-साथ जयपुर की जैन महिला मंडल के बेंड की स्वर लहरियों ने समा बांध दिया तो वही जैन समाज के युवा जैन भजनों पर जमकर थिरके। संपूर्ण कामां नगर जैन मय हो गया।

### इन्द्रो ने स्वयं किया भगवान का अभिषेक

जैसे ही बालक शांति कुमार पांडुक शीला पर पहुंचे तो सौधर्म इंद्र के अभिषेक के बाद स्वयं वर्षा के रूप में अभिषेक किये। तो आचार्य ने कहा कि इन्द्रो ने दूसरो के अधिकारों के साथ हनन न करते हुए पहले सौधर्म इंद्र को अभिषेक करने दिए तब स्वयं अभिषेक किये। कार्यक्रम में आसपास की जैन समाजों के साथ-साथ हजारों की संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# महावीर युवक मण्डल सेवा संस्थान के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने किया पदभार ग्रहण

## संस्थान की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**भीलवाडा. शाबाश इंडिया।** पीड़ित मानवता की सेवा, शिक्षा व संस्कार निर्माण के लक्ष्य से कार्यरत श्री महावीर युवक मण्डल सेवा संस्थान शांति भवन भीलवाड़ा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शुक्रवार को संरक्षक मनोहरलाल सूरिया के सानिध्य में पदभार ग्रहण किया। शांतिभवन परिसर में संस्थान के कार्यालय में मण्डल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पुखराज चौधरी, उपाध्यक्ष हुक्मीचंद खटोड़, मंत्री नितिन बापना, सह मंत्री जयप्रकाश आंचलिया, कोषाध्यक्ष मुकुल सूरिया को पदभार संभालाया गया। इस अवसर पर संस्थान की नई कार्यकारिणी का गठन भी किया गया। अध्यक्ष पुखराज चौधरी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि सभी सदस्यों को साथ लेकर संस्थान के उद्देश्यों के अनुरूप संघ व समाज की सेवा का कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मण्डल के माध्यम से सेवा व संस्कार निर्माण के कार्य निरन्तर जारी रहे इसके लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। मंत्री नितिन बापना ने आभार जताते हुए उम्मीद जताई कि नवनिर्वाचित टीम सभी सदस्यों के सहयोग से अपने कार्यकाल में समाजहित में ठोस व सार्थक कार्य करने में सफल होगी।

# "स्पिक मैके की ओर से शहनाई वादन का आयोजन"



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** स्पिक मैके के जयपुर चैप्टर की ओर युवाओं के बीच भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए शहनाई वादन के सर्किट में शुक्रवार को कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय और मणिपाल यूनिवर्सिटी में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गये। प्रसिद्ध शहनाई वादक संजीव शंकर एवं अश्विनी शंकर ने अपने गुरु स्वर्गीय पंडित श्री रवि शंकर जी द्वारा रचित वंदना "हे नाथ हम पर कृपा कीजिए" से कार्यक्रम की शुरूआत की जिसे उन्होंने सभागार में बैठे सभी छात्राएं एवं शिक्षिकाओं से भी दोहराने का आग्रह किया। जयपुर चैप्टर कोऑर्डिनेटर डॉ. मृणाली कांकर ने बताया कि संजीव शंकर एवं अश्विनी शंकर ने कार्यक्रम में राग रामकली और राग भैरवी पर ठुमरी का शहनाई वादन कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। उन्होंने शहनाई वादन की बारीकियां, शहनाई के इतिहास बारे में समझाते हुए शहनाई वादन कर सभी का मन मोह लिया एवं भावपूर्ण प्रस्तुति से उपस्थित श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उनके साथ तबले पर अभिषेक मिश्रा ने संगत दी।








# दिगंबर जैन महासमिति महिला अंचल राजस्थान "नारी शक्ति की उड़ान" का भव्य आयोजन




## 700 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता की

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगंबर जैन महासमिति महिला अंचल राजस्थान के द्वारा महिला दिवस सप्ताह पर नारी शक्ति की उड़ान का शानदार आगाज किया गया। महिला अंचल अध्यक्षा श्रीमती शकुंतला विन्दायका ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक बड़जात्या की गरिमामई उपस्थित ने कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। अंचल महामंत्री सुनीता गंगवाल एवं मनीष बैद ने कार्यक्रम का शानदार संचालन कर कार्यक्रम को सफलता के शिखर तक पहुंचा दिया। अंचल कोषाध्यक्ष उर्मिला जैन के अनुसार राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र पांड्या, अंचल अध्यक्ष अनिल जैन आईपीएस, महामंत्री महावीर बाकलीवाल, कोषाध्यक्ष रमेश सोगानी ने उपस्थित होकर पूर्ण सहयोग प्रदान किया। समारोह गौरव के रूप में मुख्य अतिथि शशि अतुल सौगानी ने चित्र अनावरण कर कार्यक्रम को गति प्रदान की। दीप प्रज्वलन कर्ता श्रीमती मृदुला सुरेंद्र पांड्या, पुरस्कार वितरण कर्ता के रूप में श्रीमती प्रियंका महेश सोगानी, विशिष्ट अतिथि श्रीमती अनिला कोठारी, श्रीमती पुष्पा पदम बिलाला की ओजस्वी उपस्थिति रही। नारी शक्ति को श्रीमती राधिका राजबाला, सुश्री विपाशा, डॉक्टर शिवांगी जैन ने संबोधित किया। लगभग 700 महिला सदस्यों ने कार्यक्रम में सहभागिता की। समारोह में जयपुर के साथ साथ, निवाई, टोंक, माधोपुर, बोली, चाकसू, मीत्रपुरा, बगरू, अजमेर, श्योपुर सांगानेर, राधा निकुंज, कल्याण नगर की इकाइयों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इकाई प्रथम की कोषाध्यक्ष मधु पांड्या ने बताया की सभी सदस्यों को आकर्षक गिफ्ट भी दिए गए। शीला सेठी, सरोज जैन, रचना जैन, अलका सेठी, अनीता बिन्दायका, सुलोचना, अर्चना, बीना शाह, मीना चांदवाड़, चित्रा जैन, पूनम जैन, सुनीता भौंच, स्नेह लता आदि सभी ने रंगारंग कार्यक्रमों में एवं व्यवस्था में पूरा सहयोग दिया। समारोह में शाबाश इंडिया के संपादक राकेश गोदिका व समता गोदिका का माल्यार्पण व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंत में महिला अंचल अध्यक्ष शकुंतला जी ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर आभार प्रकट किया। @... पेज 12

# "नारी शक्ति की उड़ान" का आयोजन











